# प्रोजेक्ट आरोहण

[स्रोत: पी. आई. बी.]

[भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)] ने **टोल प्लाज़ा कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा में सहायता** के लिये **प्रोजेक्ट आरोहण** शुरू किया है।

## प्रोजेक्ट आरोहण

- **परिचय: यह वर्टिस इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के साथ साझेदारी** में एक छात्रवृत्ति और मार्गदर्शन पहल है, जिसे SMEC ट्रस्ट के भारत केयर्स द्वारा कार्यान्वित किया गया है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के बच्चों के लिये है।
- **उद्देश्य:** वित्तीय बाधाओं को दूर करना, **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुँच सुनिश्चित करना** और प्रतिभाओं को पोषित करना, जिससे सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम किया जा सके।
- **मुख्य विशेषताएँ:** कक्षा 11 से स्नातक स्तर तक के 500 छात्रों को **12,000 रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति** और 50 स्नातकोत्तर छात्रों को **50,000 रुपये प्रति छात्र की दर से सहायता प्रदान** की जाती है।
  - यह **मार्गदर्शन, कौशल विकास और करियर मार्गदर्शन प्रदान** करता है।
  - यह लड़कियों, पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों और आ**र्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS), SC, ST, OBC और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों को प्राथमिकता** देता है।
- **महत्त्व:**
  - **शैक्षिक समानता को बढ़ावा:** आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) के टोल प्लाज़ा कर्मचारियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिये **वित्तीय सहायता** और परामर्श प्रदान करता है।
  - **समावेशी विकास को प्रोत्साहन:** लड़कियों, प्रथम-पीढ़ी के **शिक्षार्थियों और हाशिये पर रहने वाले समुदायों (SC, ST, OBC, अल्पसंख्यक)** के विद्यार्थियों को प्राथमिकता देकर सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने में मदद करता है।
  - **मानव पूंजी का विकास:** करियर अवसरों, कौशल विकास, प्रतिभा संवर्द्धन, रोज़गार और उद्यमिता को बढ़ावा देकर राष्ट्र-निर्माण में योगदान देता है।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)

- NHAI की स्थापना **[NHAI] अधिनियम, 1988** के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, रखरखाव और प्रबंधन की देखरेख के लिये की गई थी।
- भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई **1,32,499 किमी** है, जो देश के कुल सड़क नेटवर्क का केवल **2%** हिस्सा होते हुए भी भारत के **40% सड़क यातायात** का भार वहन करते हैं।

**और पढ़ें:** [भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण]